**Series RHB–DS2**

Code No. **RSPL/1**

Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 8 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नंबर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# हिंदी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)

## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घंटे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :** (*i*) इस प्रश्नपत्र के चार खंड हैं—क, ख, ग और घ।

(*ii*) सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(*iii*) यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।

(*iv*) एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।

(*v*) दो अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।

(*vi*) तीन अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

(*vii*) पाँच अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 120-150 शब्दों में लिखिए।

## खंड–'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– [10]

भारतीय समाज की जितनी भी बुरी तथा कलंकित शाखाएँ हैं सभी दहेज रूपी तने पर टिकी हुई हैं, यही कारण है कि भारतीय समाज में औरत का मूल्यांकन सही तरीके से नहीं हो पाता। लड़कियों को कुंठित होकर जीना पड़ता है। जहाँ एक ओर भारतीय समाज में औरत को दुर्गा, लक्ष्मी, माता, देवी न जाने कितने गौरवपूर्ण शब्दों से संबोधित किया जाता है, वहीं इस दहेज प्रथा नामक बीज से पैदा होती है– भ्रूण हत्या। आए दिन छपने वाले प्रत्येक अखबार में दहेज के लेन-देन से होने वाली घटिया हरकतों के बीच अखबार अधूरा-सा लगता है। प्रत्येक अखबार में खबर इस प्रकार दी जाती है कि बहुएँ जिंदा जलाई गईं, दहेज प्रथा से तंग आकर लड़की ने फाँसी लगा ली आदि। यही कारण है कि ऋषि-मुनियों की संतानों वाला यह महान देश जहाँ वेद, उपनिषद जैसे महान ग्रंथ लिखे गए, उस भूमि को आज दहेज ने अपने खूनी पंजों से रक्तरंजित कर रखा है। इसी दहेज रूपी तने से निकलने वाली शाखाएँ हैं– बाल-विवाह, अनमेल विवाह, भ्रष्टाचार, घूसखोरी, आत्महत्या। इन्हीं कुप्रथाओं ने भारतीय समाज को आज के युग में विश्व के मानचित्र पर बौना कर दिया है। इसके मुख्य कारण हैं– पर्दा प्रथा, पुरुष प्रधान समाज, दहेज एक सामाजिक प्रतिष्ठा, दहेज लेने और देने वाले को समाज में प्रतिष्ठा का पात्र समझा जाता है, जबकि दहेज का लेन-देन नहीं करने वाले को हीन, दरिद्र आदि संबोधनों से संबोधित किया जाता है।

(क) भारतीय समाज में नारी को किन-किन गौरवपूर्ण शब्दों से संबोधित किया गया है? [2]

(ख) भारतीय समाज में लड़कियों को कुंठित होकर क्यों जीना पड़ता है? [2]

(ग) समाचार पत्रों में किस प्रकार खबरें छपती हैं? [2]

(घ) दहेज रूपी तने से कौन-कौन-सी समस्याएँ जन्म लेती हैं? [2]

(ङ) दहेज लेने और देने वालों तथा दहेज का लेन-देन न करने वालों के प्रति हमारे समाज का क्या दृष्टिकोण है? [1]

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। [1]

## खंड–'ख'

2. शब्द को जब वाक्य में प्रयुक्त किया जाता है तो उसमें क्या परिवर्तन होता है? स्पष्ट कीजिए। [1]

3. नीचे लिखे वाक्यों का निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए– [1 × 3 = 3]

(क) छात्र परिश्रमी थे और वे उत्तीर्ण हो गए। (सरल वाक्य में)

(ख) समारोह आरंभ होते ही बच्चों ने गणपति वंदना की। (मिश्र वाक्य में)

(ग) मेरे घर पहुँचते ही बारिश तेज़ हो गई। (संयुक्त वाक्य में)

4. (क) निम्नलिखित समास-विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए– [1 × 2 = 2]

देहरूपी लता, आनंद में मग्न

(ख) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए– [1 × 2 = 2]

अष्टभुजा, रातोंरात

5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए– [1 × 4 = 4]

(क) यहाँ ताजा गन्ने का रस मिलता है।

(ख) शुद्ध भाषा लिखने का व्यायाम करो।

(ग) दूध में कौन पड़ गया है?

(घ) वहाँ वह लोग बैठा है।

6. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए– [1 × 4 = 4]

(क) घड़ों पानी पड़ना

(ख) छाती पर पत्थर रखना

(ग) ख़्याली पुलाव पकाना

(घ) आड़े हाथों लेना

## खंड–'ग'

7. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– [2 + 2 + 2 = 6]

(क) पुलिस कमिश्नर के नोटिस और कौंसिल के नोटिस में क्या अंतर था? (30–40 शब्दों में)

(ख) 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर बताइए कि समुद्र के गुस्से की क्या वजह थी और उसने अपना गुस्सा किस प्रकार निकाला? (30–40 शब्दों में)

(ग) सआदत अली कौन था? उसे अवध के तख़्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या उद्देश्य था?

(घ) शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना ताँबे से क्यों की गई है?

8. तताँरा की कौन-सी विशेषताएँ उसके चरित्र को महान और लोकप्रिय बनाती हैं? 80—100 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। **[5]**

**अथवा**

'डायरी का एक पन्ना' एक आम भारतीय नागरिक को क्या संदेश देता है? 80—100 शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

9. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए— **[2 + 2 + 2 = 6]**

(क) 'कर चले हम फ़िदा' कविता के आधार पर बताइए कि वे कौन-सी स्थितियाँ रही होंगी, जब सैनिकों ने अपने बढ़ते कदमों को रुकने नहीं दिया। (30—40 शब्दों में)

(ख) 'तोप' कविता के आधार पर बताइए कि तोप किसकी प्रतीक है? इसने सूरमाओं की धज्जियाँ कैसे उड़ाईं? (30—40 शब्दों में)

(ग) कबीर ने निंदक को कहाँ रखने की सलाह दी है? इससे क्या लाभ होगा?

(घ) 'मनुष्यता' नामक कविता में कवि ने सबसे बड़ा विवेक किसे कहा है और क्यों?

10. कबीर के अनुसार 'सोना' और 'जागना' किसके प्रतीक हैं? 80—100 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। **[5]**

**अथवा**

अपने आराध्य श्री कृष्ण को पाने के लिए मीरा क्या-क्या कार्य करने को तैयार हैं? 80—100 शब्दों में लिखिए।

11. (क) टोपी अपने घर के अन्य सदस्यों से किस प्रकार भिन्न था? वह भरे-पूरे घर में भी अकेलापन क्यों महसूस कर रहा था? 60—70 शब्दों में स्पष्ट कीजिए। [3]

(ख) हरिहर काका के मामले में गाँव वालों की क्या राय थी? उसके क्या कारण थे? [3]

## खंड—'घ'

12. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80—100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए— [6]

(क) अनेकता में एकता— भारत की विशेषता

- विशाल भारत की रूपरेखा
- सांस्कृतिक, सामाजिक एकता
- वैचारिक एकता ही सर्वोपरि विशेषता है।

(ख) "परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।"

- कर्म का महत्व
- परिश्रम के विविध रूप
- परिश्रम से ही सफलता मिलती है।

(ग) बाल-मज़दूरी— सामाजिक कलंक

- बाल मज़दूरी का अर्थ
- बाल मज़दूरी के कारण
- निदान के प्रयास

13. दिल्ली में पेयजल की आपूर्ति की कमी की ओर अधिकारियों तथा जनता का ध्यान खींचते हुए दैनिक जागरण के संपादक को 80—100 शब्दों में पत्र लिखिए। [5]

**अथवा**

शहर में बढ़ते अपराधों की शिकायत करते हुए गृहमंत्री को 80—100 शब्दों में पत्र लिखिए—

14. ग्रीष्मावकाश में आपके विद्यालय में प्रातः काल सात बजे से साढ़े आठ बजे तक योग की कक्षाएँ चलेंगी। इसमें इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम लिखवाने के लिए सूचना पट्ट हेतु 40—50 शब्दों में एक सूचना लिखिए। [5]

**अथवा**

विद्यालय परिसर में 'वनमहोत्सव' कार्यक्रम के आयोजन हेतु छात्रों को सूचित करने हेतु सूचना पट्ट के लिए 40—50 शब्दों में एक सूचना लिखिए।

15. स्वच्छता अभियान की सफलता के बारे में दो मित्रों के आपसी संवाद को 50—60 शब्दों में लिखिए। [5]

**अथवा**

आधार-कार्ड का महत्त्व समझाते हुए बैंक अधिकारी और किसान के बीच होने वाले संवाद को 50—60 शब्दों में लिखिए।

**16.** 'जल है तो कल है।' इस विषय पर 25—50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। **[5]**

**अथवा**

गरीब विद्यार्थियों को पुरानी पाठ्य पुस्तकें निःशुल्क प्राप्त करने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन 25—50 शब्दों में लिखिए।